आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 25.07.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित 'रन फॉर कारगिल हीरोज़' मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। युवाओं से शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान का आह्वान किया।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।
- मानसून के दौरान राशन की सुचारू आपूर्ति के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग का बड़ा कदम। उपभोक्ताओं को एक साथ मिल रहा तीन महीने का राशन।
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद श्रीदेव सुमन के बलिदान दिवस पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**रन फॉर कारगिल हीरोज़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आज देहरादून के शौर्य स्थल में आयोजित 'रन फॉर कारगिल हीरोज' मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शौर्य स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राष्ट्र की रक्षा के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1999 में भारतीय वीर जवानों ने विषम परिस्थितियों में अद्वितीय वीरता का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा की और विश्व के समक्ष भारतीय सेना के अदम्य साहस का परिचय दिया। देश सदैव अपने वीर सैनिकों और शहीदों के बलिदान का ऋणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें तथा देश की एकता, अखण्डता और सुरक्षा के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मुख्य सचिव ने पंपिंग पेयजल योजनाओं के संचालन और रख–रखाव को सतत् और किफायती बनाए रखने के लिए सौर ऊर्जा से संचालित किए जाने की संभावना तलाशते हुए प्रस्ताव में शामिल करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी पंपिंग पेयजल परियोजनाओं के निर्माण में सौर ऊर्जा आधारित बनाने की संभावनाओं को अनिवार्य रूप से तलाशने की बात कही। उन्होंने नियोजन विभाग को इस संबंध में शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने परियोजनाओं की लागत में अप्रत्याशित वृद्धि पर जिम्मेदार एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा लागत में अंतर के लिए स्पष्ट गाइडलाइन तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में आयुष की दृष्टि से काफी संभावना है। उन्होंने इस दिशा में अच्छी परियोजनाएं तैयार करने और परियोजना की जगह पर भी विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने बागेश्वर के गरुड़ में आईटीआई के प्रस्ताव पर आसपास हॉस्टल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे आईटीआई में प्रवेश लेने वाले छात्रों को काफ़ी सुविधा मिलेगी।

**वन महोत्सव**

वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान की निदेशक ऋचा मिश्रा ने मौलश्री का पौधा रोपित कर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रभाग प्रमुखों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिसर में आंवला के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई गई। प्रतिभागियों ने हरित पर्यावरण के संरक्षण, वृक्षारोपण के महत्व और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने का संकल्प भी

लिया। वक्ताओं ने कहा कि वन महोत्सव का उद्देश्य देश की हरित धरोहर के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देना तथा पर्यावरण के प्रति समाज में जागरूकता विकसित करना है।

**खाद्यान्न**

प्रदेश सरकार ने मानसून के दौरान खाद्यान्न की सुचारू आपूर्ति के लिए पहले ही पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। राज्य के 194 खाद्यान्न गोदामों में जुलाई, अगस्त और सितंबर– तीन महीने का राशन अग्रिम रूप से पहुंचा दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग के अपर आयुक्त पी.एस पांगती ने बताया कि बारिश और भूस्खलन के कारण पहाड़ी इलाकों में सड़कें बंद होने की आशंका रहती है। इसी को देखते हुए इस बार पहले से ही खाद्यान्न का भंडारण किया गया है। सभी जिलों में राशन पहुंच चुका है और विभाग का लक्ष्य है कि जुलाई के अंत तक तीनों महीने का खाद्यान्न लाभार्थियों तक पहुंच जाए, ताकि किसी भी क्षेत्र में आपूर्ति बाधित न हो।

**श्रीदेव सुमन**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और टिहरी जन क्रांति के नायक अमर शहीद श्रीदेव सुमन के बलिदान दिवस पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला कारागार नई टिहरी स्थित श्रीदेव सुमन स्मृति स्थल पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, छात्र–छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने उनके अद्वितीय बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा, वृक्षारोपण, मैराथन, प्रतियोगिता और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्मृति स्थल पर श्रीदेव सुमन की प्रतिमा के साथ उनकी ऐतिहासिक बेड़ियां भी लोगों के दर्शनार्थ रखी गईं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्रीदेव सुमन का जीवन सत्य, न्याय और जनाधिकारों के लिए संघर्ष की अनुपम मिसाल है। उनका त्याग और बलिदान आज भी युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, राष्ट्रसेवा और समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। वहीं, उत्तरकाशी जिले में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में अमर शहीद श्रीदेव सुमन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान उनके जीवन–दर्शन और संघर्ष को अविस्मरणीय बताते हुए नई पीढी को उनके बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।

**अपराध गोश्ठी**

अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्र शेखर घोड़के ने पुलिस लाइन में जिला स्तरीय मासिक अपराध गोष्ठी की समीक्षा की। उन्होंने अपराध नियंत्रण, मानसून सीजन, आपदा प्रबंधन और साइबर अपराध को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। श्री घोड़के ने पुलिस कर्मियों की व्यक्तिगत और विभागीय समस्याओं को भी सुना और समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 24 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

**निरीक्षण**

टिहरी के अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने बौराड़ी स्थित एसओएस बाल संरक्षण गृह और दत्तक ग्रहण केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान संस्थान की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। अधिकारियों ने पाया कि सभी बच्चों को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा वे नियमित रूप से विद्यालय में अध्ययन कर रहे हैं। अपर जिलाधिकारी ने बच्चों के लिए सुरक्षित और पारिवारिक वातावरण बनाए रखने पर संतोष व्यक्त करते हुए संरक्षण, शिक्षा और पुनर्वास सेवाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया।